दिन– सोमवार दिनांक– 23/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्य में गंगा और इसकी सहायक नदियों में उफान के कारण बारह जिलों की लगभग तेरह लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पटना, वैशाली, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, समेत कई जिलों में निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल जाने से लोगों को ऊंचे स्थानों पर शरण लेना पड़ा है। पटना के नकटा दियारा समेत गंगा के तटीय भागों में बसे लोगो ने अपना आशियाना छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रखा है। प्रशासन की ओर से सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए भी चारे का इंतजाम किया गया है। इधर, मुंगेर जिले में हरिणमार से खगड़िया के गोगरी को जोड़ने वाला बिचलीपुल टूट गया है। जिसके कारण सड़क संपर्क भंग हो गया है।

————————————————————

कटिहार जिले में गंगा और कोसी नदी में भारी उफान से कुर्सेला प्रखंड के कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। पचखुटी, बाघमारा, लिनिया, मिर्जापुर, तिनधरिया, चाईटोला समेत कई गांवों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। कई स्थानों पर सड़क संपर्क टूट गया है। बाढ़ के संकट को देखते हुए लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया है। इधर, प्रशासन भी नावों के जरिए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहा है।

बाढ़ के कारण राज्य में रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। गंगा नदी में बाढ़ का पानी मुंगेर के रतनपुर और भागलपुर के सुल्तानगंज स्टेशनों के बीच पुल संख्या एक सौ पंचानवे के गार्डर के ऊपर से बह रहा है। हालात को देखते हुए पूर्व रेलवे ने जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर आज भी ट्रेनों का परिचालन रोक दिया है। आठ जोड़ी ट्रेनों को रद्द किया गया है। जबकि बीस रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही कई रेलगाड़ियों का आंशिक प्रारंभ और आंशिक समापन अलग–अलग स्टेशनों पर किया जा रहा है।

———————————————————————

इधर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत की खबर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, सोन, पुनपुन समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर पिछले चौबीस घंटों के दौरान कमी की प्रवृत्ति दर्ज की गई है। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के दीघा घाट, गांधी घाट, हाथीदह और मुंगेर में घटा है। जबकि भागलपुर में स्थिर बना हुआ है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो देखना और उन्हें स्टोर करना दोनों पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति जे.बी पारदीवाला ने मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द करते हुए देशभर की अदालतों से कहा है कि वे किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का प्रयोग नहीं करें। न्यायालय ने इसके स्थान पर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री–सीएसईएएम शब्द का प्रयोग करने का सुझाव दिया है।

———————————————————————

राज्य सरकार पोलिटेक्निक और आई टी आई से पास युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में बेहतर प्लेसमेंट के लिए प्रयास कर रही है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार ने इसके लिए बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ एक समझौता किया है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र दो हजार तेईस चौबीस में आठ हजार से अधिक युवाओं का प्लेसमेंट कराया गया है।

अगले साल हज पर जाने के लिए आवेदन करने की आज अंतिम तिथि है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर आवेदन पत्र उपलब्ध है। साथ ही हज सुविधा एप से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बिहार से हज यात्रा पर जाने का कोटा बारह हजार पांच सौ है। इसके विरुद्ध अब तक बिहार के एक हजार नौ सौ छत्तीस लोगों ने ऑनलाइन आवेदन दिए हैं।

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की एक सौ सोलहवीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर प्रदेशभर में राष्ट्र कवि की स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बेगूसराय स्थित राष्ट्र कवि के पैतृक गांव दिनकर ग्राम स्थित उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि रामधारी सिंह दिनकर राष्ट्र कवि ही नहीं बल्कि विश्व कवि थे। उन्होंने कहा कि लोगों से यह पूछा जाना चाहिए कि क्या उन्होंने दिनकर को पढ़ा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

समाप्त